# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), पटना का योगदान



**डॉ. विकास कुमार**
एसोसिएट प्रोफेसर, फैशन प्रबंधन विभाग, निफ्ट, पटना

बिहार में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की स्थापना 2008 में पटना के गांधी मैदान में स्थित उद्योग भवन से हुई। आज निफ्ट पटना अपने 14 साल पूरे कर 15वें वर्ष में अग्रसर है। निफ्ट पटना का आज मीठापुर फार्म्स में 6 एकड़ का अपना कैंपस है जिसमें क्लासरूम, प्रयोगशाला, हॉस्टल, ऑफिस, खेलने के मैदान, जिम इत्यादि कई सुविधाएं हैं ।

निफ्ट भारत सरकार के अंतर्गत वस्त्र मंत्रालय के द्वारा संचालित संस्था है जिसका उद्देश्य भारत के वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देना है। भारत में फैशन डिजाइन, टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट के क्षेत्र में आज निफ्ट एकमात्र संस्था है जो की इस क्षेत्र में विश्वपटल पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। निफ्ट फैशन के क्षेत्र में शिक्षा के अलावे, भारतीय हस्तकलाओं और हस्तशिल्पों के उत्थान को लेकर भी कार्यशील है। विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जन्म देना और उनके आश्रितों को प्रोत्साहन देना निफ्ट के पाठ्यक्रम का हिस्सा है। आज निफ्ट अपने 18 शाखाओं के साथ सम्पूर्ण भारत में विद्यमान है।

### राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट)


1986 में स्थापित राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), देश में फैशन शिक्षा के पथप्रदर्शक संस्थान की नींव, वस्त्र तथा परिधान उद्योग को व्यवसायिक मानव संसाधान प्रदान करने वाले अग्रणी संस्थान के रूप में हुई। 2006 में भारतीय संसद के अधिनियम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की मौजूदगी के बाद इसे संवैधानिक संस्थान माना गया तथा देश भर में इसके पूर्ण विकसित प्रांगण स्थापित हुए। यह धारा इस संस्थान को डिग्री तथा अन्य सम्मान देने का अधिकार प्रदान करती है। फैशन शिक्षा के क्षेत्र में निफ्ट ही अपनी डिग्री स्वयं प्रदान करने वाला प्रथम संस्थान है। इस संस्थान द्वारा दी गयी डिग्री पूरे विश्व में मान्य है। संस्थान अपने छात्रों को दीक्षान्त समारोह में डिग्री प्रदान करता है। कई वर्षों से निफ्ट केंद्र तथा राज्य सरकार को डिजाइन की उन्नति तथा हथकरघा तथा हस्तशिल्प की स्थापना के विषय में जानकारी देने वाले सेवा प्रबंधक का कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय फैशन प्रोद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) अपने सभी परिसरों के माध्यम से वस्त्र उद्योग हेतु डिजाइन, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन से संबंधित फैशन में उच्चतम मानकों को सीखाने का अनुभव प्रदान करता है और अपने उल्लेखनीय रचनात्मक, क्रियाशील छात्र निकाय का ध्यान उद्योग के प्रासांगिक एवं उभरते वैश्विक रुझानों पर केंद्रित करते हुए भारतीय वस्त्र और शिल्प की ओर प्रोत्साहित करता है।


### निफ्ट का योगदान

निफ्ट का राष्ट्र निर्माण खास कर फैशन उद्योग को बढ़ावा देने में अद्वितीय योगदान रहा है। निफ्ट से आज लगभग 35–40 हजार विद्यार्थी अपनी व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर देश और विदेश में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं । इसके अलावे फैशन और वस्त्र उद्योग को आज भारत की अर्थव्यवस्था में इस ऊंचे पायदान पर ले जाने में भी निफ्ट का योगदान रहा है। संगठित खुदरा व्यापार के साथ–साथ भारत के वस्त्र निर्यात में भी निफ्ट का अतुलनिय योगदान है। भारत की पारंपरिक कलाओं और हस्तशिल्पों को लुप्त होने से बचाने, उनके पुनर्जागरण और उनके उत्थान में भी निफ्ट ने अहम भूमिका निभाई है।

निफ्ट पटना ने अपने छोटे कार्यकाल में ही अपनी एक पहचान राज्य और देश के पटल पर बना लिया है। गणतंत्र दिवस पर उद्योग विभाग की झांकी से लेकर, देश की राजधानी दिल्ली में बिहार के हतकरघा को पहचान दिलाने में निफ्ट

## निफ्ट, पटना का कैंपस






पटना ने अपनी भूमिका निभाई है। रोड एम्बुलेंस, स्वास्थ्य विभाग के लिए एम्बुलेंस, हथकरघा की पहचान के लिए पहचान चिह्न, वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता में बिहार और भारत का प्रतिनिधित्व इत्यादि निफ्ट पटना के कई योगदानों में से कुछ हैं। निफ्ट पटना बिहार सरकार के स्टार्टअप स्कीम के अंतर्गत एक पार्टनर शैक्षणिक संस्था के रूप में कई स्टार्टअप के मेंटर की भूमिका भी निभा चूका है। इसके अलावे निफ्ट पटना में देश–विदेश से आये छात्र–छात्राओं ने साल–दर–साल अच्छी प्लेसमेंट पा कर अपने प्रदेश का नाम रौशन किया है। यहां के विद्यार्थी एक तरफ फैशन की बारीकियों को समझते हैं वहीं दूसरी तरफ बुनकरों और हस्तशिल्पियों के साथ मिलकर डिजाइन डेवलपमेंट और उनके लिए अच्छे व्यापार के अवसर ढूंढ कर उनकी मदद कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह भी करते हैं। निफ्ट पटना ने प्रायः फैशन शो के माध्यम से अपने विद्यार्थियों और समाज के स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया है। कैंसर के प्रति जागरूकता, बोन एंड जॉइंट वीक पर सभा, रोड सेफ्टी, रक्तदान, वृक्षारोपण, आदि कई कार्यक्रम निफ्ट पटना के परिसर में प्रायः आयोजित किये जाते हैं। निफ्ट पटना में विभिन्न राज्यों से आये विद्यार्थी एक साथ मिलकर हर पर्व और त्योहार मानते हैं जिससे सबके बीच सांस्कृतिक संवेदनशीलता भी बढती है और वो एक कुशल भारतीय नागरिक के रूप में देश के किसी भी भाग में अपनी प्रतिभा को निखारने में सफल हो पाते हैं। निफ्ट पटना ने निश्चय ही समाज में अपनी एक जगह बनायी है और आगे भी समाज और अपने विद्यार्थियों के प्रति कर्तव्यशील रहेगा। वर्तमान में निफ्ट पटना में निम्नलिखित कार्यक्रम ऑफर किये जाते हैं–

- **मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट** ये द्विवर्षीय स्नाकोत्तर डिग्री कार्यक्रम है जिसमें फैशन प्रबंधन के क्षेत्र में विश्व स्तर के पेशेवरों को विकसित करने के लिए मार्केटिंग, मर्चेंडाइजिंग, और खुदरा बिक्री की जानकारी दी जाती है।
- **बैचलर ऑफ डिजाइन (फैशन डिजाइन)** फैशन डिजाइन एक 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जिसमें फैशन और डिजाइन की परिवर्तनकारी क्षमता और संबद्ध क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है।
- **बैचलर ऑफ डिजाइन (टेक्सटाइल्स डिजाइन)** टेक्सटाइल डिजाइन एक 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जिसमे बुनाई, प्रिंट डिजाइन और सतह अलंकरण जैसे विषयों के ज्ञान से विद्यार्थियों की रचनात्मकता को निखारता है और डिजाइन अनुप्रयोगों की समझ से सुसज्जित करता है।
- **बैचलर ऑफ डिजाइन (फैशन एंड लाइफस्टाइल एक्सेसरीज डिजाइन)** फैशन एंड लाइफस्टाइल एक्सेसरीज डिजाइन एक 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जिसमे आभूषण, शिल्प एवं अन्य व्यक्तिगत सामान के डिजाइन से सम्बंधित जानकारी दी जाती है।
- **बैचलर ऑफ डिजाइन (फैशन कम्युनिकेशन)** फैशन कम्युनिकेशन एक 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जिसमे फैशन संचार से सम्बंधित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइन, विजुअल मर्चेंडाइजिंग, फैशन फोटोग्राफी, फैशन पत्रकारिता, फैशन स्टाइलिंग, फैशन थिंकिंग, इंटरेक्शन डिजाइन और न्यू मीडिया डिजाइन आदि विषयों के माध्यम से एक सक्षम दृश्य डिजाइन रणनीतिकार के रूप में विकसित करता है।
- **बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी** बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एक 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जिसमें फैशन उद्योग के लिए आवश्यक उत्पाद ज्ञान प्रदान किया जाता है।

इन सबके अलावे निफ्ट में बैचलर ऑफ डिजाइन (लेदर डिजाइन), बैचलर ऑफ डिजाइन (निटवियर डिजाइन), मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ स्पेस डिजाइन, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) और सतत शिक्षा के अंतर्गत कई अन्य कार्यक्रम भी उपलब्ध हैं।

### एडमिशन

निफ्ट में दाखिला एक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। दाखिले के लिए परीक्षा फरवरी माह के प्रथम भाग में होती है। इसके पूर्व के नवम्बर और दिसम्बर माह में इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस परीक्षा मुख्यतः देश के सभी राज्यों में होती है और इसी परीक्षा के परिणाम के स्वरूप निफ्ट के भिन्न भिन्न सेंटर में भिन्न भिन्न कार्यक्रमों में दाखिला होता है। इस सन्दर्भ में ज्यादा जानकारी www.nift.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

ISBN
9 789393 292018

भारत वार्ता
www.bharatvarta.news

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका

# भारत वार्ता

वर्ष : 02 | अंक : 05 | नवंबर 2022 | ₹30



## भाजपा को सबसे बड़े गढ़ गुजरात में कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

## बिहार-झारखंड में दावानल बना कैंसर

जागने की वेला : सरकार की ही नहीं, हमारी–आपकी भी

